**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 18.02.2026 (सुबह – 0830 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **झारखंड विधानसभा का बजट सत्र आज से होगा शुरू, सत्ता पक्ष ने बनाई रणनीति, कांग्रेस मनरेगा को लेकर सदन में करेगी चर्चा।**

2. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेने आए कई वैश्विक नेताओं से करेंगे मुलाकात।**

3. **नगर निगम चुनाव को लेकर प्रचार तेज, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची में किया प्रचार, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने चास में कहा– अल्पसंख्यक सिर्फ वोट देने के लिए नहीं, उन्हें भी हिस्सेदारी मिले।**

4. **हजारीबाग पुलिस की नशा के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 14 नशा तस्कर हुए गिरफ्तार।**

5. **दिल्ली में ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज़, झारखंड के पदाधिकारी पाँच स्पर्धाओं में ले रहे हिस्सा ।**

****************************

झारखंड विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू हो रहा है। बजट सत्र की तैयारियों को लेकर रांची के डॉ श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने किया। बैठक में मंत्रियों और विधायकों को सदन में पूरी तैयारी के साथ उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया। बता दें कि षष्टम झारखंड विधानसभा के पंचम (बजट) सत्र आज से 19 मार्च तक चलेगा। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर निषेधाज्ञा लागू की गई।

****************************

इधर कांग्रेस ने बजट सत्र की पूरी तैयारी कर ली है। सदन में विपक्ष के सवालों का प्रभावी ढंग से जवाब देने के लिए कांग्रेस कोटे के मंत्रियों को विशेष रूप से तैयार रहने का निर्देश दिया गया है। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि वह विपक्ष की भूमिका में रहते हुए सरकार के कमियों को उजागर करेगी और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देगी। विधायक राजेश कच्छप के आवास में हुई कांग्रेस विधायक दल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में स्थानीय मुद्दों के साथ–साथ राष्ट्रीय मुद्दों को भी मुखरता से उठाने का ऐलान किया गया है।

****************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेने आए कई वैश्विक नेताओं से मुलाकात करेंगे। श्री मोदी स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज़, फिनलैंड के प्रधानमंत्री एंटी पेटेरी ओर्पो, सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक, क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेनकोविच, एस्टोनिया के राष्ट्रपति अलार कारिस, भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे और कजाकिस्तान के प्रधानमंत्री ओल्ज़हास बेकतेनोव से मिलेंगे।

****************************

नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दूसरे दिन सामाजिक भलाई के लिए और ग्लोबल साउथ में सहयोग, एआई गवर्नेंस, नौतिकता और नियामक ढांचे, स्वास्थ क्षेत्र में एआई और डेटा नवाचार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर केंद्रित जैसे कई विषयों पर पैनल चर्चाएं हुई। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

****************************

झारखंड में रेबीज जैसी जानलेवा बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी तेज कर दी है। राज्य सरकार ने वर्ष 2030 तक झारखंड को रेबीज–मुक्त बनाने का लक्ष्य तय किया है। इसके तहत राज्य के सभी जिला अस्पतालों को मॉडल एंटी–रेबीज क्लिनिक के रूप में विकसित किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने सभी जिलों के सिविल सर्जनों को निर्देश जारी करते हुए एनिमल बाइट मैनेजमेंट और पोस्ट–एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस को सख्ती से लागू करने को कहा है।

**********************

राज्य में 23 फरवरी को होने वाले नगर निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। गोड्डा जिले में नगर निकाय का चुनाव गोड्डा परिषद एवं महगामा नगर पंचायत दो स्थानों में हों रहा है । और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

**********************

मेयर प्रत्याशी रौशनी खलखो की ओर से राजधानी रांची के विभिन्न क्षेत्रों में पदयात्रा, बैठक और जनसंपर्क कर निकाय चुनाव में आम लोगों से समर्थन मांगा गया। वहीं उन्होंने महिला सम्मेलन का भी आयोजन किया। कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि रौशनी खलखो रांची में हमेशा ही जनता ओर महिलाओं की सुरक्षा और उनके हक हुकूक की आवाज बनती रही हैं।

**********************

इधर चास नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार जमील अख्तर का समर्थन करने पहुंचें। इस दौरान उन्होंने जनसंख्या के आधार पर अपने हिस्सेदारी की मांग कर दी है।

**********************

झारखंड के हजारीबाग जिले में नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि कटकमदाग थाना क्षेत्र में छापेमारी के बाद आरोपियों को पकड़ा गया, साथ ही नशीले पदार्थों की बड़ी खेप भी बरामद हुई।

**********************

झारखंड में फिलहाल मौसम शुष्क बना हुआ है। राज्य के अधिकांश हिस्सों में आसमान साफ से आंशिक रूप से धुंधला रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान लगभग 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान करीब 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक राज्य में मौसम सामान्य रहेगा और बारिश की कोई विशेष संभावना नहीं है। हालांकि 24 फरवरी के आसपास कुछ इलाकों में बादल छाए रहने के संकेत हैं।

**********************

दिल्ली में 17 से 26 फरवरी तक आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज खेलकूद प्रतियोगिता 2025–26 में झारखंड के पदाधिकारी भी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन कल नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में किया गया। झारखंड के पदाधिकारी इस प्रतियोगिता में पाँच खेल स्पर्धाओं, क्रिकेट, चेस, कैरमबोर्ड, बास्केटबॉल और हॉकी में भाग ले रहे हैं। क्रिकेट टीम का नेतृत्व हजारीबाग के जिला सहकारिता पदाधिकारी मनोज कुमार कर रहे हैं।

**********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

राज्य से प्रकाशित होने वाले सभी अखबारों ने झारखंड विधानसभा के सत्र और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति के बीच हुए वार्ता को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**प्रभात खबर और दैनिक जागरण** ने लिखा है भारत में बनेंगे एवरेस्ट फतह करने वाले हैलीकॉप्टर और हैमर मिसाइलें।

**वहीं दैनिक भास्कर** ने एआई समिट की खबरों को सुर्खी बनाई है।

**हिन्दुस्तान** ने लिखा– बजट सत्र आज से–स्पीकर बोले जनहित के मुद्दों पर हो चर्चा।

**<u>**********************</u>**